International Parkinson and Movement Disorder Society

# पार्किंसंस रोग में आवेग नियंत्रण विकार: रोगियों के लिए आवश्यक तथ्य

## आवेग नियंत्रण विकार क्या हैं ? क्या पार्किंसंस रोगियों में यह अक्सर पाए जाते हैं?

आवेग नियंत्रण विकार अत्यधिक और / या हानिकारक इच्छाओं और व्यवहारों का एक समूह है जो पार्किंसंस रोग के रोगियों में हो सकता है। इसकी विशेषता यह है कि उन्हें लगातार विचारों या चीजों को करने के लिए बेकाबू इच्छा होती है। ये अक्सर कुछ दवाओं के दुष्प्रभाव से होते हैं। कभी-कभी मरीजों को खुद पता नहीं चलता है कि यह एक समस्या है। पार्किंसंस रोग के साथ लगभग 10-20% रोगी किसी भी समय अपनी बीमारी के दौरान आवेग नियंत्रण विकार विकसित कर सकते हैं।

## एक पार्किंसंस रोगी में आवेग नियंत्रण विकार के कौनसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं?

आवेग नियंत्रण विकार वाले रोगी इस तरह के व्यवहार/ लक्षण दर्शा सकते हैं:

- अनियंत्रित तौर पर जुआ खेलना
- लगातार खाना
- अत्यधिक खरीददारी
- अत्यधिक यौन हरकतें

ये व्यवहार व्यक्तिगत, पारिवारिक या सामाजिक समस्याएं पैदा कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, अनियंत्रित जुआ खेलना गंभीर वित्तीय समस्याओं को जन्म दे सकता है। लगातार खाने से वजन बढ़ सकता है।

एक और सामान्य व्यवहार को पंडिग(punding) कहा जाता है। बार-बार एक ही काम करना पंडिग है, जैसे कि कंप्यूटर को अलग करना और पुनर्निर्माण करना, टांड़ पर पुस्तकों को क्रमानुसार रखना और सहेजना।

## क्या आवेग नियंत्रण विकार एंटिपार्किंसोनियन दवाओं से संबंधित हैं?

आवेग नियंत्रण विकार किसी भी व्यक्ति में पार्किंसंस रोग के साथ विकसित हो सकते हैं, इसमें उपचार मायने नहीं रखता। हालांकि, आवेग नियंत्रण विकार को आमतौर पर डोपामाइन एगोनिस्ट नामक दवाओं के एक वर्ग के साथ इलाज किए गए रोगियों में देखा जाता है। इसमें शामिल है:

- प्रैमिपेक्सोल
- रोपिरीनोल
- रोटिगोटीन

आवेग नियंत्रण विकार अनुपचारित रोगियों या अन्य पार्किंसंस रोग की दवाओं के साथ भी देखा जा सकता है, लेकिन यह सामान्य नहीं है।

## मुझे कैसे पता चलेगा कि मुझ में आवेग नियंत्रण विकार विकसित होने का खतरा है?

ऐसे रोगी जो नवीनता चाहते हैं या जो आवेगी हैं उनमें आवेग नियंत्रण विकार विकसित होने का जोखिम अधिक हो सकता है। जुआ या शराब का दुरुपयोग आपके जोखिम को बढ़ा सकता है। आवेग नियंत्रण विकार पुरुषों और युवा रोगियों में अधिक देखने को मिलते हैं। लेकिन मुख्य जोखिम का कारण डोपामाइन एगोनिस्ट का उपयोग करना है, विशेष रूप से उच्च खुराक पर।

## अगर मुझे आवेग नियंत्रण विकार होने का संदेह है तो मुझे क्या करना चाहिए?

आवेग नियंत्रण विकार को तुरंत पहचानना सबसे महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि वे गंभीर वित्तीय समस्याओं, या संबंधों में दरार पैदा कर सकते हैं। अगर आपको लगता है कि आपको या आपके प्रियजन को आवेग नियंत्रण विकार हो सकता है, तो अपने डॉक्टर को बताएं। आप एक निजी और गोपनीय तौर पर भी सलाह ले सकते हैं। यदि स्थिति के बारे में बात करना मुश्किल है, तो आप मुद्दों और प्रश्नों को लिख सकते हैं, फिर डॉक्टर से मिलने पर उन्हें साझा करें। अन्य समस्याओं की तरह, आपने साथी, देखभाल करने वाले, दोस्त या

कॉपीराइट © 2018 अंतर्राष्ट्रीय पार्किंसंस एंड मूवमेंट डिसऑर्डर सोसायटी (एमडीएस)। सभी अधिकार सुरक्षित।

# पार्किंसंस रोग में आवेग नियंत्रण विकार: रोगियों के लिए आवश्यक तथ्य

रिश्तेदार के साथ अपने डॉक्टर से मिलना आपके लिए सहायक होता है। वे स्थिति पर काबू पाने के तरीके खोजने में आपकी सहायता कर सकते हैं।

कभी-कभी आवेग नियंत्रण विकार का अनुभव करने वाले रोगियों को आवेग नियंत्रण विकार या उनके परिणामों के बारे में पता नहीं होता है। मरीज आवेग नियंत्रण विकार को गुप्त भी रख सकते हैं। यही कारण है कि देखभाल करने वालों और परिवार के सदस्यों के लिए, आवेग नियंत्रण विकार की पहचान और निगरानी के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ मिलकर काम करना बहुत महत्वपूर्ण है।

## क्या आवेग नियंत्रण विकार का उपचार किया जा सकता है?

हां, आवेग नियंत्रण विकार का उपचार किया जा सकता है। सबसे पहले, आपका डॉक्टर आपकी पार्किंसंस रोग की दवा को समायोजित कर सकता है। अक्सर डोपामाइन एगोनिस्ट को कम करना या रोकना मदद करता है। बिना डॉक्टरी सलाह के अपनी पार्किंसंस रोग की दवा बदलनी या बंद नहीं करनी चाहिए। अगर आवेग नियंत्रण विकार बहुत गंभीर नहीं है, धीरे-धीरे दवा परिवर्तन करने से मोटर(motor) लक्षण पर भी नियंत्रण बना रेह सकता है । कुछ मामलों में, डोपामाइन एगोनिस्ट थेरेपी को अचानक रोकना, निम्न लक्षणों को वापस ला सकता है:

- बेचैनी
- अवसाद और उदासीनता
- थकान
- नींद में गड़बड़ी
- सामान्य दर्द

अवसाद या अन्य मनोदशा संबंधी विकारों के होने पर योग्य मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर से बात करें। कुछ मामलों में, मनोरोग दवाएं मदद कर सकती हैं।

आवेग नियंत्रण विकार पर काबू पाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन आप उन रणनीतियों की पहचान कर सकते हैं जो आपके लिए सबसे अच्छे से काम करती हैं। अपने स्वास्थ्य पेशेवरों और देखभाल करने वालों के साथ खुले तौर पर और नियमित संवाद करना न भूलें।

कॉपीराइट © 2018 अंतर्राष्ट्रीय पार्किंसंस एंड मूवमेंट डिसऑर्डर सोसायटी (एमडीएस)। सभी अधिकार सुरक्षित।

InternationalParkinsonandMovementDisorderSociety
555 East Well Street, Suite 1100 • Milwaukee, WI 53202 • +1 414-276-2145 • www.movementdisorders.org